जनता कॉलेज बकेवर, इटावा में दिनांक 26 जनवरी, 2022 को 73 वें गणतंत्र दिवस मनाया गया।

जनता कॉलेज बकेवर, इटावा में आज दिनांक 26 जनवरी, 2022 को 73 वें गणतंत्र दिवस मनाया गया। झण्डा रोहण कार्यक्रम में कालेज के प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी जी ने झण्डा फहराया। कार्यक्रम की शुरुआत उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा निदेशक डॉ अमित भारद्वाज जी के द्वारा प्रेषित पत्र को श्री अश्वनी मिश्रा जी ने प्रस्तुत किया तथा उन्होंने अपनी कविता के माध्यम से कालेज के स्वर्णिम इतिहास को गाया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का बैज अलंकरण करके स्वागत श्री आकाश चौधरी द्वारा किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सूबेदार मेजर श्री सर्वेश कुमार पाण्डेय जी ने अपने अनुभवों को साझा किया। विशिष्ट अतिथि सूबेदार श्री गणपति सिंह चौहान जी ने कहा कि हमारे देश की जनता साथ देती है तो सेना में आत्मविश्वास बढ़ता है। कालेज के कीट विज्ञान विभाग के प्रभारी डॉ.डी एन सिंह जी ने गणतंत्र के बारे में बताया। कालेज के प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी जी ने एक पंक्ति " नदी न पिए अपना जल , वृक्ष न खाए अपना फल, अपना तन अपना मन देश को कर दे दान, हम बन जाएं इन्सान " के माध्यम से कहा हम सभी अपने अधिकारों के साथ अपने कर्त्तव्यों का निर्वहन करें। डॉ. एमपी यादव ने कहा कि हम जहां है वहां पर अपनी जिम्मेदारी से कार्य करें तो देश का विकास होगा।डॉ.ए.के. पाण्डेय जी ने कहा कि देश की आजादी के 75वीं वर्षगांठ है जिसमें बहुत विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि जब हम सुधरेंगे, तब जंग सुधरेंगा। डॉ. धर्मेंद्र कुमार जी ने कहा कि अंग्रेज अंक्राताओं को हटाकर जनमानस ने आजादी दिलाई। उन्होंने बताया कि देश कार्यक्रम का संचालन डॉ. डी. जे. मिश्रा जी ने किया। कार्यक्रम में श्री ब्रह्मानंद जी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में शिक्षणेत्तर कर्मचारी श्री पवन सक्सेना , श्री इन्द्रेश पाण्डेय , कुलदीप अवस्थी, राजीव पाठक, छात्र सुमित, राम खिलाड़ी तथा छात्रा एकता शर्मा ने अपने विचारों को व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. पी.के. राजपूत, डॉ मनोज यादव सहित सभी प्राध्यापक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

जनता कालेज बकेवर
स्वतंत्रता
अमृत महोत्सव
सांस्कृतिक कार्यक्रम